futuretopper.in

Series : ABCD3/1

SET – 3

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code 67/1/3

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **24** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 40*
Time allowed : 2 hours | *Maximum Marks : 40*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *भाग हैं –* ***क*** *और* ***ख*** *। प्रश्न-पत्र में* ***12*** *प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***भाग – क*** *सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है ।*

(iii) ***भाग – ख*** *में* ***दो*** *विकल्प हैं अर्थात् (i) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (ii) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन । छात्रों को दिए गए विकल्पों में से केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3*** *और* ***10*** *लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं । प्रत्येक के* ***2*** *अंक हैं ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***6*** *और* ***11*** *लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं । प्रत्येक के* ***3*** *अंक हैं ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***9*** *और* ***12*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के* ***5*** *अंक हैं ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि,* ***तीन*** *अंकों के* ***3*** *प्रश्नों और* ***पाँच*** *अंक के* ***1*** *प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

(i) *This question paper comprises of* ***two*** *Parts –* ***A*** *and* ***B****. There are* ***12*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) ***Part - A*** *is compulsory for all candidates.*

(iii) ***Part - B*** *has* ***two*** *options i.e. (i) Analysis of Financial Statements and (ii) Computerised Accounting. Students must attempt only one of the given options.*

(iv) *Question Nos.* ***1*** *to* ***3*** *and* ***10*** *are short answer type – I questions carrying* ***2*** *marks each.*

(v) *Question Nos.* ***4*** *to* ***6*** *and* ***11*** *are short answer type – II questions carrying* ***3*** *marks each.*

(vi) *Question Nos.* ***7*** *to* ***9*** *and* ***12*** *are long answer questions carrying* ***5*** *marks each.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***3*** *questions of* ***three*** *marks and* ***1*** *question of* ***five*** *marks.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

भाग – क

(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. निम्नलिखित मदों को अमन वेलफेयर क्लब के स्थिति विवरण में दर्शाइए : **2**

विवरण	राशि (₹)
1-4-2020 को खेलकूद कोष	18,00,000
खेलकूद के लिए दान	5,00,000
खेलकूद व्यय	22,00,000

2. ऐसी किन्हीं दो परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जब एक साझेदारी फर्म का विघटन समझौते के द्वारा होता है। **2**

3. एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे। वाई ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया तथा एक्स तथा ज़ैड ने भविष्य में लाभ 3 : 2 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया।

   एक्स तथा वाई के अधिलाभ/त्याग की गणना कीजिए। **2**

4. (क) सूर्या लिमिटेड ने मोहन इक्विपमेंट लिमिटेड से मशीनरी का क्रय किया। कम्पनी ने आपूर्तिकर्ताओं को 9% ऋणपत्रों का निर्गमन करके भुगतान किया तथा शेष का भुगतान तीन मास पश्चात् देय उनके पक्ष में लिखे गए एक विनिमय पत्र को स्वीकार करके किया गया। कम्पनी के लेखपाल ने उपरोक्त दिए गए लेनदेनों की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ करते समय कुछ मदों को खाली छोड़ दिया। सूर्या लिमिटेड के नीचे दिए गए रोज़नामचे में रिक्त स्थान भरिए : **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

PART – A

(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)

1. Present the following items in the Balance Sheet of Aman Welfare Club. **2**

Particulars	Amount (₹)
Tournament Fund on 1-4-2020	18,00,000
Donation for Tournament	5,00,000
Tournament expenses	22,00,000

2. State any two situations when the dissolution of a partnership firm takes place by agreement. **2**

3. X, Y and Z were partners in a firm sharing profit and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Y retired from the firm and X and Z decided to share future profits in the ratio of 3 : 2.

   Calculate the Gain/Sacrifice of X and Z. **2**

4. (a) Surya Ltd. purchased machinery from Mohan Equipment Ltd. The company paid the vendors by issue of 9% debentures and the balance through an acceptance in their favour payable after three months. The accountant of the company while Journalising the above mentioned transactions left some items blank. Fill in the blanks in the given below Journal of Surya Ltd. : **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सूर्या लिमिटेड का रोज़नामचा

तिथि	विवरण	खा. ब. पृ.	नाम राशि ₹	जमा राशि ₹	
2021					
जनवरी 1	मशीनरी खाता नाम		_____		
	_____			_____	1
	(मोहन इक्विपमेंट लि. से ₹ 12,50,000				
	की मशीनरी का क्रय)				
" "	मोहन इक्विपमेंट लिमिटेड खाता नाम		_____		
	_____			_____	1
	प्रतिभूति प्रीमियम संचय			_____	
	(₹ 100 प्रत्येक के 8000, 9% ऋणपत्रों				
	का निर्गमन 25% प्रीमियम पर किया गया)				
" "	_____ नाम		_____		
	_____			_____	1
	(_____)				

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Journal of Surya Ltd.

Date	Particulars	LF	Debit Amount ₹	Credit Amount ₹	
2021					
Jan. 1	Machinery A/c. Dr.		_____		
	To _____			_____	1
	(Purchased Machinery for ₹ 12,50,000 from Mohan Equipment Ltd.)				
" 1	Mohan Equipment Ltd. A/c. Dr.		_____		
	To _____			_____	
	To Securities Premium Reserve			_____	1
	(Issued 8000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 25%).				
" 1	_____ Dr.		_____		
	To _____			_____	1
	(_____)				

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(ख) सुजाता लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 50,000, 9% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । इन ऋणपत्रों का शोधन पाँच वर्षों पश्चात् सममूल्य पर करना है । ऋणपत्र पूर्ण रूप से अभिदत्त दो गए तथा सभी राशि प्राप्त हो गई । कम्पनी के 'प्रतिभूति प्रीमियम संचय' में ₹ 3,00,000 का शेष था जिसके उपयोग का निर्णय इसने ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टे/हानि को अपलिखित करने के लिए लिया । इसने यह भी निर्णय लिया कि ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टे/हानि की शेष राशि को प्रथम वर्ष में अपलिखित किया जाएगा ।

ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टे/हानि को अपलिखित करने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

5. (क) निम्न सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अर्जुन स्पोर्ट्स क्लब के आय एवं व्यय खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली खेलकूद सामग्री की राशि की गणना कीजिए :

विवरण	**1 अप्रैल, 2020** **(₹)**	**31 मार्च, 2021** **(₹)**
खेलकूद सामग्री का स्टॉक	1,50,000	2,20,000
खेलकूद सामग्री के लेनदार	35,000	65,000

अतिरिक्त सूचना :

वर्ष के दौरान खेलकूद सामग्री के लेनदारों को ₹ 2,80,000 का भुगतान किया गया । **3**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) Sujata Ltd. invited applications for issuing 50,000, 9% debenture of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at par after five years. The debentures were fully subscribed and all money was duly received. The company had a balance of ₹ 3,00,000 in 'Securities Premium Reserve' which it decided to use for writing off the discount/loss on issue of debentures. It also decided to write off the remaining discount/loss on issue of debentures in the first year.

Pass the Journal entries for issue of debentures and for writing off discount/loss on issue of debentures.

5. (a) From the following information, calculate the amount of sports material that will be debited to the Income and Expenditure Account of Arjun Sports Club for the year ended 31st March, 2021.

Particulars	**1st April, 2020** (₹)	**31st March, 2021** (₹)
Stock of Sports Material	1,50,000	2,20,000
Creditors for Sports Material	35,000	65,000

Additional Information :

During the year, ₹ 2,80,000 were paid to the creditors of sports material. **3**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(ख) 'प्राप्ति एवं भुगतान खाते' के निम्न उद्धरण तथा अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 'आय एवं व्यय खाते' तथा उसी तिथि को 'स्थिति विवरण' में दर्शाई जाने वाली चन्दे की राशि की गणना कीजिए ।

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		**राशि (₹)**	**भुगतान**	**राशि (₹)**
चन्दा :				
2019-20	9,000			
2020-21	40,000			
2021-22	6,000	55,000		

अतिरिक्त सूचना :

क्लब के 500 सदस्य थे तथा प्रत्येक सदस्य ₹ 100 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता था । 31 मार्च, 2020 को अदत्त चन्दा ₹ 12,000 था ।

6. अवनी, चारु तथा राधा एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म प्रति वर्ष 31 मार्च को अपनी पुस्तकें बंद करती है । 31 जुलाई, 2021 को अवनी की मृत्यु हो गई । मृत्यु के वर्ष में फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जायेगी । पिछले तीन वर्षों के लाभ निम्न प्रकार थे :

2018-19 ₹ 30,000

2019-20 ₹ 60,000

2020-21 ₹ 90,000

मृत्यु के वर्ष में लाभ में अवनी के भाग की गणना कीजिए तथा इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) From the following extract of 'Receipts and Payments Account' and additional information, calculate the amount of subscriptions to be shown in 'Income and Expenditure Account' for the year ended 31st March, 2021 and 'Balance Sheet' as on that date.

Receipts and Payments Account

for the year ended 31st March, 2021

Receipts		**Amount (₹)**	**Payments**	**Amount (₹)**
To Subscriptions :				
2019-20	9,000			
2020-21	40,000			
2021-22	6,000	55,000		

Additional Information :

The club has 500 members each paying an annual subscription of ₹ 100. Subscriptions outstanding on 31st March, 2020 were ₹ 12,000.

6. Avni, Charu and Radha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. Avni died on 31st July, 2021. Her share of profit in the year of death was to be calculated on the basis of average profit of the last three years. The profits of last three years were :

2018-19 ₹ 30,000

2019-20 ₹ 60,000

2020-21 ₹ 90,000

Calculate Avni's share of profit in the year of her death and pass necessary journal entry for the same. **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

7. स्पेस क्लब के निम्नलिखित 'प्राप्ति एवं भुगतान खाते' से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए ।

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए स्पेस क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ	राशि (₹)	भुगतान	राशि (₹)
शेष नीचे लाए	5,000	वेतन	31,000
चन्दा	73,000	मशीनरी (1.7.2020)	40,000
पुराने फर्नीचर का विक्रय	800	8% निवेश	30,000
(पुस्तक मूल्य ₹ 2,000)		शेष नीचे ले गए	19,600
दान	41,800		
	1,20,600		**1,20,600**

अतिरिक्त सूचना :

(i) 31.03.2021 को अदत्त चन्दा ₹ 2,000 था ।

(ii) 31 मार्च, 2021 को अदत्त वेतन ₹ 4,000 था ।

(iii) 8% निवेशों का क्रय 31 मार्च, 2021 को किया गया ।

(iv) 1 अप्रैल, 2020 को क्लब के पास ₹ 1,00,000 की मशीनरी थी । मशीनरी पर 6% वार्षिक दर से मूल्यह्रास लगाइए । **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

7. From the following 'Receipts and Payments Account' of Space Club, prepare an Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2021.

Receipts and Payments Account of Space Club

for the year ended 31st March, 2021

Receipts	Amount (₹)	Payments	Amount (₹)
To Balance b/d	5,000	By Salaries	31,000
To Subscriptions	73,000	By Machinery	40,000
To Sale of old furniture	800	(1.7.2020)	
(Book value ₹ 2,000)		By 8% Investments	30,000
To Donations	41,800	By Balance c/d	19,600
	1,20,600		**1,20,600**

Additional Information :

(i) Subscriptions in arrears on 31.03.2021 were ₹ 2,000.

(ii) On 31st March, 2021, outstanding salaries were ₹ 4,000.

(iii) 8% Investments were purchased on 31st March, 2021.

(iv) The club owned Machinery of ₹ 1,00,000 on 1st April 2020. Depreciate Machinery @ 6% p.a. **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. निम्न लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 3,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर करना है ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है ।

(iii) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 3,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(iv) ₹ 7,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्मगन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका निर्गमन सममूल्य पर करना है ।

(v) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 10,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर करना है । **5**

9. (क) चन्दा, तारा तथा निशा एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । उन्होंने 31 मार्च, 2021 को फर्म के विघटन का निर्णय लिया । वसूली खाते में सभी परिसम्पत्तियों (रोकड़ तथा बैंक को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को स्थानांतरित करने के पश्चात् निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) एक टाइपराइटर को जिसे पुस्तकों से पूर्णतः अपलिखित कर दिया गया था, ₹ 9,000 में बेच दिया गया ।

(ii) चन्दा ने ₹ 96,000 का स्टॉक ₹ 84,000 में ले लिया ।

(iii) विघटन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निशा को ₹ 42,000 के पारिश्रमिक का भुगतान किया गया ।

(iv) ₹ 23,500 के लेनदारों ने सभी निवेश ₹ 10,000 में ले लिए । उनको शेष राशि का भुगतान नगद किया गया ।

(v) ₹ 40,000 के विभिन्न लेनदारों का निपटान 10% के बट्टे पर किया गया । **5**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. Pass journal entries for issue of debentures for the following transactions :

(i) Issued 3,000, 11% debentures of ₹ 100 each at par, redeemable at 5% premium.

(ii) Issued 4,000, 12% debentures of ₹ 100 each at 5% premium, redeemable at 10% premium.

(iii) Issued ₹ 3,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at par redeemable at par.

(iv) Issued ₹ 7,00,000, 9% debentures at a discount of 10% redeemable at par.

(v) Issued ₹ 10,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% discount redeemable at 5% premium. **5**

9. (a) Chanda, Tara and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. They decided to dissolve the firm on 31st March, 2021. Pass necessary Journal Entries for the following transactions after all assets (other than cash and bank) and third party liabilities have been transferred to Realisation Account.

(i) A typewriter completely written off from the books was sold for ₹ 9,000.

(ii) Chanda took over stock worth ₹ 96,000 at ₹ 84,000.

(iii) Nisha was to get remuneration of ₹ 42,000 for completing the dissolution process.

(iv) Creditors of ₹ 23,500 took over all the investments at ₹ 10,000. Remaining amount was paid to them in Cash.

(v) Sundry Creditors amounting to ₹ 40,000 were settled at a discount of 10%. **5**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(ख) हीना, मीना तथा टीना एक फर्म के साझेदार हैं तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते हैं ।

1 अप्रैल, 2020 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

1 अप्रैल, 2020 को हीना, मीना तथा टीना का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
देय बिल	12,000	भवन		40,000
विभिन्न लेनदार	18,000	मशीनरी		30,000
सामान्य संचय	12,000	फर्नीचर		12,000
पूँजी :		स्टॉक		22,000
हीना	30,000	देनदार	20,000	
मीना	30,000	घटा : संदिग्ध ऋणों के		
टीना	28,000	लिए प्रावधान	1,000	19,000
		बैंक		7,000
	1,30,000			**1,30,000**

टीना ने उपरोक्त तिथि को फर्म से अवकाश ग्रहण किया तथा निम्न की सहमति हुई :

(a) भवन को 20% से बढ़ाया जायेगा ।

(b) मशीनरी पर ₹ 1,500 का मूल्यह्रास लगाया गया ।

(c) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को ₹ 1,500 तक बढ़ाया गया ।

(d) टीना के अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति का मूल्यांकन ₹ 21,000 किया गया तथा इसका लेखांकन ख्याति खाता खोले बिना किया जाना था ।

(e) टीना के पूँजी खाते का शेष उसके ऋण खाते में हस्तांतरित किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) Heena, Meena and Tina are partners in a firm sharing profits and losses equally. Their Balance Sheet on April 1st, 2020 was as follows :

Balance Sheet of Heena, Meena & Tina as on 1st April, 2020

Liabilities	Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Bills Payable	12,000	Building		40,000
Sundry Creditors	18,000	Machinery		30,000
General Reserve	12,000	Furniture		12,000
Capitals : Heena	30,000	Stock		22,000
Meena	30,000	Debtors	20,000	
Tina	28,000	Less : Provision for doubtful debts	1,000	19,000
		Bank		7,000
	1,30,000			**1,30,000**

Tina retired from the firm on the above date and the following was agreed upon :

(a) Building was to be appreciated by 20%.

(b) Machinery was to be depreciated by ₹ 1,500.

(c) Provision for doubtful debts was to be increased to ₹ 1,500.

(d) Goodwill was valued at ₹ 21,000 on Tina's retirement and the same was to be treated without opening goodwill account.

(e) The balance in Tina's Capital account will be transferred to her Loan account.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

भाग – ख

विकल्प – I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

10. 'रोकड़ प्रवाह विवरण' तैयार करने के उद्देश्य का उल्लेख कीजिए। **2**

11. (क) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्न सूचना से 'सामान्य आकार लाभ-हानि विवरण' तैयार कीजिए : **3**

विवरण	2020-21 ₹	2019-20 ₹
प्रचालन आगम	16,00,000	8,00,000
व्यय	4,00,000	1,60,000
कर दर 50%		

अथवा

(ख) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष की निरमा लिमिटेड की निम्न सूचनाओं से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए :

विवरण	2020-21 ₹	2019-20 ₹
प्रचालन आगम	20,00,000	16,00,000
व्यय	11,00,000	10,00,000
कर दर 30%		

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

PART – B

Option – I

(Analysis of Financial Statements)

10. State the objective of preparing 'Cash Flow Statement'. **2**

11. (a) Prepare 'Common size statement of Profit and Loss' from the following information for the year ended March 31st March, 2021 : **3**

Particulars	2020-21 ₹	2019-20 ₹
Revenue from Operations	16,00,000	8,00,000
Expenses	4,00,000	1,60,000
Tax Rate 50%		

OR

(b) From the following information of Nirma Ltd. for the year ended 31st March, 2021, Prepare a Comparative Statement of Profit and Loss.

Particulars	2020-21 ₹	2019-20 ₹
Revenue from Operations	20,00,000	16,00,000
Expenses	11,00,000	10,00,000
Tax Rate 30%		

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

12. 31 मार्च, 2021 को बज़ाज लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2021 को बज़ाज लिमिटेड

का स्थिति विवरण

विवरण	नोट सं.	31.03.2021 ₹	31.03.2020 ₹
I. समता तथा देयताएँ :			
1. अंशधारक निधियाँ :			
(a) अंश पूँजी		19,00,000	17,00,000
(b) संचय एवं आधिक्य	1	6,00,000	3,00,000
2. अचल देयताएँ :			
12% दीर्घकालीन उधार		5,00,000	4,00,000
3. चालू देयताएँ :			
(a) लघुकालीन उधार	2	1,70,000	1,75,000
(b) लघुकालीन प्रावधान	3	2,00,000	1,65,000
कुल		**33,70,000**	**27,40,000**
II. परिसम्पत्तियाँ			
1. अचल परिसम्पत्तियाँ :			
स्थायी परिसम्पत्तियाँ			
(i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ	4	25,00,000	21,00,000
(ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ	5	4,00,000	3,00,000
2. चालू परिसम्पत्तियाँ :			
(a) चालू निवेश		1,40,000	1,70,000
(b) स्टॉक (मालसूची)		2,60,000	1,30,000
(c) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		70,000	40,000
कुल		**33,70,000**	**27,40,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

12. Following was the Balance Sheet of Bajaj Ltd. as on 31st March, 2021 :

Bajaj Ltd.

Balance Sheet as on 31st March, 2021

Particulars	Note No.	31.03.2021 (₹)	31.03.2020 (₹)
I. Equity and Liabilities :			
1. Shareholder's funds :			
(a) Share Capital		19,00,000	17,00,000
(b) Reserves and Surplus	1	6,00,000	3,00,000
2. Non-Current Liabilities : 12% long term borrowings		5,00,000	4,00,000
3. Current Liabilities :			
(a) Short term Borrowings	2	1,70,000	1,75,000
(b) Short term Provisions	3	2,00,000	1,65,000
Total		**33,70,000**	**27,40,000**
II. Assets :			
1. Non Current Assets : Fixed Assets			
(i) Tangible Assets	4	25,00,000	21,00,000
(ii) Intangible Assets	5	4,00,000	3,00,000
2. Current Assets :			
(a) Current Investments		1,40,000	1,70,000
(b) Inventories		2,60,000	1,30,000
(c) Cash and Cash Equivalents		70,000	40,000
Total		**33,70,000**	**27,40,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

खातों के नोट्स :

नोट सं.	विवरण	31.03.2021 (₹)	31.03.2020 (₹)
1.	संचय एवं आधिक्य :		
	आधिक्य अर्थात् लाभ–हानि विवरण का शेष	6,00,000	3,00,000
2.	लघुकालीन उधार :		
	बैंक अधिविकर्ष	1,70,000	1,75,000
3.	लघुकालीन प्रावधान :		
	कर प्रावधान	2,00,000	1,65,000
4.	मूर्त परिसम्पत्तियाँ :		
	मशीनरी	25,00,000	21,00,000
5.	अमूर्त परिसम्पत्तियाँ :		
	ख्याति	4,00,000	3,00,000

अतिरिक्त सूचना :

(i) ₹ 40,000 पुस्तक मूल्य की एक मशीनरी को ₹ 50,000 में बेचा गया ।

(ii) वर्ष के दौरान मशीनरी पर ₹ 2,00,000 मूल्यह्रास लगाया गया ।

(iii) ₹ 1,00,000, 12% दीर्घकालीन उधार 31.3.2021 को प्राप्त किया गया था ।

निवेश गतिविधियों तथा वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए । **5**

भाग – ख

विकल्प – II

(कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)

10. 'रिपोर्ट' तथा 'रिपोर्ट अभिचारक' मदों के अर्थ दीजिए । **2**

11. (क) 'कुल आय' गणना का सूत्र दीजिए । **3**

अथवा

(ख) 'आँकड़ा अंकेक्षण' तथा 'आँकड़ा कक्ष (वाल्ट)' मदों को समझाइए ।

12. 'कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली' स्थापन के चरणों का उल्लेख कीजिए । **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Notes to Accounts

Note No.	Particulars	31.03.2021 (₹)	31.03.2020 (₹)
1	Reserves & Surplus :		
	Surplus i.e. Balance in Statement of Profit and Loss	6,00,000	3,00,000
2	Short term borrowings :		
	Bank Overdraft	1,70,000	1,75,000
3	Short term provisions :		
	Provision for tax	2,00,000	1,65,000
4	Tangible Assets :		
	Machinery	25,00,000	21,00,000
5	Intangible Assets :		
	Goodwill	4,00,000	3,00,000

Additional Information :

(i) A machine of the book value of ₹ 40,000 was sold for ₹ 50,000.

(ii) Depreciation charged on machinery during the year was ₹ 2,00,000.

(iii) ₹ 1,00,000, 12% long term borrowings were obtained on 31-3-2021.

Calculate cash flows from investing and financing activities. **5**

PART – B

Option – II

(Computerised Accounting)

10. Give the meaning of the terms 'Report' and 'Report Wizard'. **2**

11. (a) Explain the formula to calculate 'Total Earnings'. **3**

OR

(b) Explain the terms 'Data Audit' and 'Data Vault'.

12. State the steps in the installation of 'Computerised Accounting System'. **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

✽

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE